## मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर कोतवाली, एनएच 43 एवं रीठी क्षेत्र में की गई कार्यवाही

# मजिस्ट्रेट वाहन चेकिंग से वाहन चालकों में मचा हड़कंप, 1.5 लाख रूपए का वसूला गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर समन शुल्क वसूल किया गया। मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ बड़ी संख्या में चालान काटे गए। यह कार्रवाई अलग अलग स्थानों में की गई। कोतवाली के सामने, एनकेजे थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 43 स्थित सुर्खी टैंक के समीप और रीठी थाने के ठीक सामने मुख्य मार्ग शामिल हैं।

कोतवाली थाना परिसर के सामने हुई चालानी कार्यवाही में पंचम व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती रेनू श्रीवास्तव स्वयं मौके पर मौजूद रहीं। इस दौरान दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों को रोककर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सघन जांच की गई। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट तथा वाहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत न करने वाले





वाहन चालकों पर मौके पर ही विधिवत चालानी कार्रवाई की गई। जैसे ही चालानी कार्रवाई की सूचना आसपास के क्षेत्र में फैली, वहां से गुजर रहे कई वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के डर से कुछ वाहन चालकों ने रास्ता बदल लिया, जिससे क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बना रहा। अभियान के दौरान वाहनों के रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस, बीमा और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। दस्तावेज उपलब्ध न होने पर मोटर व्हीकल एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि यह अभियान यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने और सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाया गया है। आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

हाईवे में एनकेजे थाना अंतर्गत सुर्खी टैंक के पास मजिस्ट्रेट विनोद कुमार चौधरी की उपस्थिति में सघन जांच अभियान चला। यहां यात्री बसों, भारी ट्रकों और लोडर वाहनों सहित कुल 57 छोटे-बड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई।

इसी तरह रीठी में मजिस्ट्रेट सिल्की कौर जुनेजा के नेतृत्व में चेकिंग पॉइंट लगाया गया, जहां 24 वाहनों के चालान काटकर जुर्माना वसूला गया। दोनों स्थानों पर की गई इस चेकिंग कार्रवाई से लगभग 1 लाख 5 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है। कार्यवाही के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। यातायात थाना प्रभारी, संबंधित क्षेत्रों के थाना प्रभारी और भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद थे। अधिकारियों ने चालान काटने के साथ-साथ वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सख्त हिदायत भी दी।

मुख्य रूप से बिना हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग न करने, ओवरलोडिंग, फिटनेस और बीमा दस्तावेजों की कमी, तथा प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। जैसे ही मजिस्ट्रेट चेकिंग की खबर फैली, राजमार्ग और प्रमुख सड़कों पर चलने वाले लापरवाह वाहन चालकों में घबराहट देखी गई। कई चालक कार्रवाई से बचने के लिए रास्ते बदलते नजर आए, तो कुछ ने वाहन किनारे खड़े कर दिए। प्रशासन की इस सख्ती का उद्देश्य यह संदेश देना है कि सड़क पर सुरक्षा मानकों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 17.30 करोड़ रूपए से 8 सड़कों में होगा सुधार

**सिलौंडी।** बड़वारा विधानसभा क्षेत्र की 8 सड़कों में सुधार कार्य हेतु 17.30 करोड़ राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह राशि क्षेत्रीय विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के प्रयासों से स्वीकृत की गई है। विधानसभा क्षेत्र के 1- बडेरा पहुंच मार्ग हेतु राशि - 1.20 करोड, 2- भमका - रोझन मार्ग हेतु राशि - 1.50 करोड़, 3- झिन्ना पिपरिया - कटरा मार्ग हेतु राशि -2.50 करोड़, 4- कौड़ियां - बंधी -धुरी-पिपरिया मार्ग राशि -2.80 करोड़, 5- देवरी-केवलारी मार्ग राशि - 1.20 करोड़, 6 - सरस्वाही - सुरखी मार्ग राशि - 1.50 करोड़, 7- पडरभटा संसारपुर मार्ग राशि - 1.20 करोड़ एवं गोपालपुर - सगवा-अतरसूमा-सिलौडी राशि 5.40 करोड़ कुल 17.30 करोड़ रुपए की स्वीकृत मिली है। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी और आम जनता ने विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह का आभार प्रकट किया है।

### प्रकरणों के निराकरण हेतु पेंशन शिविर आज से

**कटनी।** जिले के स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और आदिवासी विकास विभाग के सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला पेंशन कार्यालय कटनी में 5 फरवरी से 7 फरवरी तक तीन दिवसीय पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में 31 दिसंबर 2025 तक की स्थिति में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत सेवानिवृत्त, मृत एवं स्वैच्छिक सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाना है। जिला पेंशन अधिकारी श्रीमती गुप्ता ने इन विभागों के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से लंबित पेंशन प्रकरण आईएफएमआईएस के माध्यम से तैयार कर सेवापुस्तिका सहित जिला पेंशन कार्यालय को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। साथ ही कहा है कि जो प्रकरण निराकरण योग्य नहीं है, कारण सहित उसकी भी जानकारी कार्यालय को उपलब्ध करायें।

### राशि जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही

**कटनी।** नगर निगम के जलकर की राशि लंबे समय से बकाया होने पर गठित टीम द्वारा बडे बकायेदारों के यहां नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही हेतु पहुंच रही है। बुधवार को उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित बाबा नारायण शाह वार्ड के दो उपभोक्ताओं सहित डॉ जाकिर हुसैन वार्ड संजय नगर के उपभोक्ताओं एवं एक अन्य उपभोक्ता पर लंबे समय से जलकर की राशि बकाया होने पर नल कनेक्शन की कार्यवाही करने पहुंची। इस दौरान संबंधित पांच उपभोक्ताओं द्वारा दो किस्तों में जल की बकाया राशि जमा करने की मांग किये जाने पर नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही नहीं की गई। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## बजट क्वेस्ट 2026 में भाग लेकर युवाओं को मिलेगा प्रधानमंत्री से संवाद का मौका

**कटनी।** राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'मेरा युवा भारत' संस्था द्वारा 'बजट क्वेस्ट 2026' की शुरूआत की गई है। इस अनूठी पहल के माध्यम से कटनी जिले के युवाओं के पास देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे संवाद करने का सुनहरा अवसर है। बजट क्वेस्ट 2026 एक वर्चुअल क्विज प्रतियोगिता है जिसका उद्देश्य केंद्रीय बजट (यूनियन बजट) के प्रति जन-समझ बढ़ाना है। इस प्रतियोगिता के जरिए बजट को आम लोगों के जीवन से जोड़ना और उसे सरल व समझने योग्य बनाना है। जिला स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता 3 फरवरी से प्रारंभ हो चुकी है और यह 17 फरवरी तक चलेगी। इच्छुक युवा mybharat.gov.in/quiz पर जाकर क्विज प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। 17 फरवरी को क्विज का परिणाम घोषित होंगे एवं देश के प्रत्येक जिले से चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु आगे बढ़ेंगे। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तरीय पर विजेताओं को प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी से सीधे संवाद का अवसर मिलेगा। विजेता युवा अपने विचार सीधा देश के सर्वोच्च नेतृत्व के समक्ष साझा कर सकेंगे।

## 25 दिन बाद पुराने हाइवे से आवागमन हुआ शुरू होने से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत स्लीमनाबाद में 12 किलोमीटर अंडर ग्राउंड टनल खुदाई का कार्य चल रहा है जिसमें डाउन स्ट्रीम की टीवीएम मशीन स्लीमनाबाद के पड़वार मार्ग मोहदापुरा पहुंचकर बाहर निकाली जा चुकी है। वही अप स्ट्रीम की टीवीएम मशीन का कार्य स्लीमनाबाद पुराने हाइवे पर पहुंच गया था जिसके कारण 10 जनवरी 2026 से पुराने हाइवे पर आवागमन टनल निर्माण कम्पनी के द्वारा बंद कर दिया गया था। पुराने हाइवे के नीचे से अंडर ग्राउंड टनल खुदाई का कार्य चल रहा था। लगभग 25 दिनों के बाद पुराने हाइवे से एक बार फिर बुधवार से आवागमन सुचारु रूप से शुरू हुआ जिसके बाद बस चालकों



ने राहत की सांस ली क्योंकि आवागमन बंद होने से बसे फोरलेन से निकल जाती थी जिस कारण यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने में परेशानी होती थी।

गौरतलब है कि जब 10 जनवरी को टनल कम्पनी के द्वारा पुराने हाइवे से आवागमन बंद किया गया तो वैकल्पिक मार्ग नही बनाया गया था जिस कारण दो पहिया से चार पहिया वाहन फोरलेन मार्ग से ही होकर गुजरते थे। मार्ग बंद होने से स्थानीय रहवासियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही थी जिस पर जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी के साथ स्थानीय लोगों ने वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर तहसीलदार व एसडीएम को ज्ञापन सौंप मांग की। अधिकारियो ने स्थल निरीक्षण कर जल्द से जल्द वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर एनवीडीए व टनल निर्माण कम्पनी के अधिकारियो को आदेशित किया। इसके बाद काम मै तेजी लाई गईं ओर जैसे खुदाई कार्य बीच मार्ग पर पहुँचा वैसे ही दो पहिया वाहनों के लिए आवागमन चालू कर दिया गया लेकिन चार पहिया वाहनों का आवागमन बंद रहा। अब जाकर बुधवार से जैसे ही टनल खुदाई मार्ग से आगे निकली तो सुचारु रूप से आवागमन चालू कर दिया गया।

### 405 मीटर खुदाई शेष

एनवीडीए के अधिकारियो ने बताया कि स्लीमनाबाद में चल रहे अंडर ग्राउंड टनल का कार्य अब अंतिम चरण मै पहुंच गया है। टनल निर्माण मै अब केवल 405 मीटर कार्य शेष रह गया है। 31 मार्च तक अंडर ग्राउंड टनल खुदाई कार्य पूर्ण करनी है जिसके लिए कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

## अवैध कब्जा हटाने प्रशासन ने की कार्यवाही



जनपद पंचायत बहोरीबंद में बीते दिनों कलेक्टर के द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें सतीश सेंगर पिता सुरेश सेंगर द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत कलेक्टर से की गईं थी जिसपर कलेक्टर ने बहोरीबंद तहसीलदार को अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। तहसीलदार नेहा जैन ने खसरा न. 1114 रकबा 1.16 हैक्टेयर भूमि जो शासकीय मद मे दर्ज थी उसके 300 वर्गफुट से रामकुमार पिता परसादी का मकान था जो अवैध रूप से कब्जा किया गया था। उक्त कब्जा को हटाने तहसीलदार ने कब्जाधारी को निर्देशित किया गया लेकिन कब्जा धारी द्वारा कब्जा नही हटाया गया जिस पर बुधवार को तहसीलदार नेहा जैन, नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव हल्का पटवारी व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचें और कब्जा धारी को उक्त स्थल से हटाया गया ओर उसका गृहस्थी का सामान अन्यत्र जगह रखवाया गया।

## शासकीय कार्यो में लापरवाही बरतना पड़ गया महंगा, दो पटवारियों पर निलंबन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कार्यो में लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना पर कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने हल्का छपरवाह के पटवारी भान सिंह बागरी और हल्का कैलवारा की पटवारी श्रीमती किरण सेन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने विगत दिनों समय-सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा के दौरान इन दोनों पटवारियों की लापरवाही कार्यप्रणाली के प्रति गहन नाराजगी जाहिर करते हुये निलंबित करने के निर्देश दिये थे।

तहसीलदार कटनी नगर के राजस्व ग्राम बिलगवां अंतर्गत भूमि खसरा नंबर 150, 156, 379 में हल्का पटवारी छपरवाह श्री बागरी द्वारा समयावधि में अभिलेख दुरूस्त नहीं किये जाने पर तहसीलदार कटनी नगर द्वारा पटवारी श्री बागरी को 12 जनवरी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। परन्तु, श्री बागरी द्वारा रिकार्ड दुरुस्त करने के संबंध में कोई समाधान कारक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। श्री बागरी का यह आचरण अनुशासनहीनता, कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही मानी गई।

एसडीएम ने तहसीलदार कटनी नगर के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम छपरवाह तहसील के पटवारी भानसिंह बागरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अविध में श्री बागरी का मुख्यालय तहसील कार्यालय (कानूनगो शाखा) कटनी रहेगा व नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

इसी प्रकार ग्राम कैलवारा खुर्द पटवारी हल्का नंबर 5 अंतर्गत भूमि खसरा नं. 90/4 रकवा 0.092 हेक्टेयर में न्यायालय के आदेश अनुसार हल्का पटवारी श्रीमती किरन सेन पटवारी हल्का कैलवारा खुर्द द्वारा नक्शा दुरूस्त न किये जाने के कारण तहसीलदार ने पटवारी का आचरण अनुशासनहीनता, कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही प्रदर्शित मानते हुये उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु प्रतिवेदित किया। एसडीएम चतुर्वेदी द्वारा पटवारी किरन सेन (तत्कालीन पटवारी हल्का कैलवाराखुर्द वर्तमान वर्कलोड पटवारी तहसील कटनी नगर) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।



### वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 29 हजार रूपए का वसूला गया जुर्माना

**स्लीमनाबाद।** सड़कों पर यातायात नियमों का पालन नही करने वाले वाहन चालकों को कानूनी पाठ पढाने बुधवार को न्यायधीश सड़क पर उतरे। बुधवार को थाना बहोरीबंद के स्लीमनाबाद -बहोरीबंद चौराहे पर न्यायधीश सुश्री दीक्षा सिंह राठौर एवं सुश्री चित्रांगदा मण्डलोई व्दारा चलित न्यायालय लगाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी बहोरीबंद अखलेश दाहिया पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालको के विरुद्ध धारा 194 डी एमव्ही एक्ट के तहत 29 मोटर साईकिल चालको के विरुद्ध 29,000 रुपये एवं अन्य मोटर साईकिल चालको व्दारा जुर्माने की राशि पेश न करने पर विधिवत जप्त कर जप्ती पंचनामा तैयार किया गया है। इसके साथ ही यातायात नियमों का पालन नही करने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने को कहा गया।

## मजिस्ट्रेट कार्रवाई : 40 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई कर वसूले गये 60 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा बुधवार को विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर ढीमरखेड़ा मजिस्ट्रेट पूर्वी तिवारी के नेतृत्व में उमरियापान के झंडा चौक पर मजिस्ट्रेट वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान मोटरसाइकिल, लोडर वाहन, ट्रक एवं यात्री बस सहित करीब 40 छोटे-बड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में करीब 60 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

मजिस्ट्रेट द्वारा बिना हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग न करने, ओवरलोडिंग, फिटनेस प्रमाण पत्र एवं बीमा दस्तावेजों की कमी वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। मजिस्ट्रेट चेकिंग की खबर फैलते ही वाहन चालकों में



हड़कंप मच गया। कई चालक कार्रवाई से बचने के लिए रास्ते बदलते नजर आए, जबकि कुछ ने अपने वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिए। कार्रवाई के दौरान नवागत थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल सहित पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। प्रशासन ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

## पुलिस, यातायात एवं नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता ने की संयुक्त कार्यवाही

# आवागमन बाधित करने पर हुई कार्यवाही, सामग्री जब्त, वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के मुख्य मार्गो के किनारे से अनाधिकृत अस्थाई अतिक्रमणों को हटाकर सार्वजनिक आवागमन को व्यवस्थित करने तथा नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से अतिक्रमण विभाग की गठित अलग-अलग टीमों द्वारा बुधवार को नगर के विभिन्न स्थलों पर वृहद स्तर पर कार्यवाही की गई।

निगम की गठित टीम द्वारा अभियान पूर्व नगर के विभिन्न मार्गो में भ्रमण कर सर्वजनिक मार्ग के किनारे अनाधिकृत रूप से सामग्री रख आवागमन को बाधित नहीं करनें की अपील मुनादी के माध्यम से की गई। तदोपरांत मुख्य मार्गो के



सड़क किनारे अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कर व्यवसाय करनें वाले सब्जी व्यवसाईयों एवं ठेला संचालकों को जिला चिकित्सालय के सामने स्थित हाकर्स जोन भेजनें तथा नहीं मानने पर स्पाट फाईन भी किया गया। कार्यवाही के दौरान गोल बाजार, झंडा बाजार सहित अन्य बाजार क्षेत्रों की सार्वजनिक मार्गो में दुकान सामग्री रखकर व्यवसाय करने वालों की सामग्री को भी दुकान के अंदर करवाते हुए नहीं मानने पर सामग्री जब्ती की कार्यवाही की गई।

### इन मार्गो मे हुई कार्यवाही

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह नें बताया कि सुगम आवागमन के मद्देनजर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही हेतु गठित की गई टीमों के द्वारा माधवनगर, बरगवां, हाउसिंग बोर्ड, बस स्टैंड, गर्ग चौराहा आदर्श कॉलोनी, झंडा बाजार, गोल बाजार, स्टेशन रोड, बरही रोड, दुर्गा चौक, मुडवारा स्टेशन मार्ग, स्टेट बैंक तिराहा मिशन चौक, सुभाष चौक एवं स्टेशन रोड़ में व्यापक रूप से अभियान चलाकर मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान यातायात व्यवस्था में काफी हद तक सुधार परिलक्षित हुआ।

अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के पूर्व गठित टीमों द्वारा अपनें अपनें क्षेत्र में भ्रमण कर मुख्य मार्गो में सामग्री रखकर व्यवसाय नहीं करने की मुनादी कराई जाकर कार्यवाही को अंजाम दिया गया। इस दौरान 26 लोगों पर सामग्री जब्ती की कार्यवाही की जाकर 8 हजार 500 रुपये का जुर्माना भी अधिरोपित किया गया। निगम प्रशासन ने आम जनों से सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करने की अपील करते हुए स्पष्ट किया है कि नगर की सुगम यातायात व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा आगामी दिनों में भी अतिक्रमण अभियान निरंतर रूप से जारी रहेगा। कार्यवाही के दौरान पुलिस विभाग, यातायात विभाग के कर्मचारियों सहित अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह सहित कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विभिन्न खेल प्रतियोगितायें आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड ढीमरखेड़ा के सिलौंड़ी सेक्टर अंतर्गत ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत ग्राम विकास पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हल्का द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में नवांकुर सेक्टर प्रभारी विकास हल्दकार ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए अभियान के उद्देश्य की जानकारी दी। सरपंच सुशील सिंह ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।समिति द्वारा हल्का रंगमंच में पारंपरिक खेलकूद के माध्यम से ग्राम उत्सव का आयोजन किया। ग्राम की बालिकाओं द्वारा



आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी गई।छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। महिलाओं के मध्य कुर्सी दौड़ एवं रस्साकसी सहित पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया,जिसमें बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान शिवकुमार दाहिया, भूपेन्द्र सिंह, रामसेवक सिंह, परामर्शदाता मुकेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, सचिव अजय सिंह बागरी, जीआरएस भालचन्द्र दुबे,सुनीता मरावी, वीरेंद्र सिंह,बाबूलाल मार्को, जगदीश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आज

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में 5 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे से आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा आयोजित बैठक में विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों के साथ सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत कार्य, अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों, अधोसंरचना मद से स्वीकृत कार्यों, मनरेगा,पंचायत (निर्माण),15वां वित्त,मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), विधि शाखा एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी। आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री, संभाग कटनी, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी सहायक यंत्री,उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के सभी विकासखंड समन्वयक, ब्लॉक मैनेजर एनआरएलएम और समस्त जनपद शिक्षा केंद्र के विकासखंड स्रोत समन्वयक को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी, नियत समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है।

## करंट से महिला की मौत के मामले में 6 माह बाद मामला दर्ज

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम संसारपुर में करीब 6 महीने पहले 35 वर्षीय महिला की करंट लगने से मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में संबंधित कंपनी के संचालक और स्थानीय कर्मचारी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार घटना बीते साल 11 जुलाई 2025 की शाम करीब 7:00 बजे हुई थी। ग्राम संसारपुर स्थित खेत में मुन्नी बाई 35 वर्ष पति दसईराम भुमिया निवासी संसारपुर काम कर रही थीं। इसी दौरान वह बिजली की चपेट में आ गईं और उनकी मृत्यु हो गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों की भारी अनदेखी की गई थी। एलटेल पावर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए जा रहे कार्यों में लापरवाही बरती गई, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने जांच के बाद 3 फरवरी को संचालक एलटेल पावर प्राइवेट लिमिटेड, स्थानीय कर्मचारी पुष्पराज सिंह पिता बंस राज सिंह 41 वर्ष निवासी चाणक्य कॉलोनी, थाना कोलगवां, जिला सतना के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) धारा 106(1), 125(A) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## महाशिवरात्रि पर निकलेगी शिव बारात और महाकाल सवारी

**कटनी।** महाशिवरात्रि पर्व पर मधई मंदिर में 15 फरवरी को भगवान शंकर की भव्य शोभायात्रा, शिव बारात और महाकाल बाबा की सवारी निकालने की तैयारियां जारी हैं। इस बारात में समाजसेवी कैलाश पाठक भगवान शिव के स्वरूप में नजर आएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत तड़के सुबह 4:00 बजे भस्म आरती के साथ होगी। इसके पश्चात दोपहर 1:00 बजे भगवान शिव का महारुद्राभिषेक संपन्न कराया जाएगा। दोपहर 2:00 बजे मंदिर परिसर से राधा रानी भजन मंडल के साथ शिवजी की बारात निकाली जाएगी। इस वर्ष विशेष आकर्षण के रूप में कैलाश पाठक भगवान शिव के स्वरूप में नजर आएंगे। शाम को 'उज्जैन के राजा' भजन के प्रसिद्ध गायक भजन सम्राट किशन भगत अपने सुमधुर भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजन का समापन रात्रि 7:30 बजे भव्य पंच महाआरती के साथ होगा। आयोजक और समस्त शिवभक्तों ने क्षेत्र की जनता से इस पुनीत कार्य में सम्मिलित होने और धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### शिविरों एवं डोर टू डोर जाकर लोगों से अब तक 24 हजार से अधिक आवेदन किये संग्रहित

# 407 पंचायतों एवं निकायों के 90 वार्डों में लोगों को शासकीय योजनाओं का दिया जाएगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में 12 जनवरी से शुरू हुये संकल्प से समाधान अभियान के तहत अब तक घर-घर जाकर एवं शिविर लगाकर 24 हजार 514 आवेदन प्राप्त लिये जा चुके हैं। संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले के 407 ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के सभी 90 वार्डों में लोगों को शासन की 106 प्रकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित करने के लिये 15 फरवरी तक आवेदन लिये जायेंगे।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति बनाई गई है। जिसमें ग्राम और नगरीय वार्ड स्तर के अधिकारी और कर्मचारी जैसे पटवारी, पंचायत सचिव, वार्ड प्रभारी, रोजगार सहायक, आरएईओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हेल्थ वर्कर आदि सम्मिलित रहेंगे।

पंचायत व नगरीय वार्ड स्तर पर आवेदन व शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किया गया है। जिसके लिये नोडल अधिकारी की नियुक्ति संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा की गई है। यह दल शासन की विभिन्न योजनाओं व सेवाओं से संबंधित आवेदन व शिकायतों को घर-घर जाकर या शिविर लगाकर एकत्रित करेगा तथा इस टीम के नोडल अधिकारी अपने लॉगिन से सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करेंगे।

पोर्टल पर दर्ज करने के उपरांत सभी आवेदनों को क्लस्टर या जोन लेवल अधिकारी के पास जमा किया जाएगा और क्लस्टर या जोन लेवल अधिकारी आवेदनों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु प्रेषित कर निराकरण की स्थिति प्राप्त करेंगे।

### 16 फरवरी से लगेंगे शिविर

अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक चलेगा। अभियान के द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर लेवल पर एवं नगरीय क्षेत्रों में नगर व जोन स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जोनल अधिकारी अथवा समकक्ष अधिकारी रहेंगे।

इस चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन और शेष आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु शिविर लगाये जायेंगे। क्लस्टर में पंचायतों की संख्या का निर्धारण कलेक्टर द्वारा जिले में स्थित पंचायतों की संख्या के हिसाब से (आवश्यकतानुसार 15 से 30 ग्राम पंचायतों का समूह में) निर्धारित किया जाएगा।

शहरी क्षेत्रों में छोटी नगरपालिका, नगर पंचायत स्तर पर एक शिविर व नगर निगम स्तर पर वार्डों की संख्या के अनुपात में क्लस्टर या जोन तैयार कियें जाएगें।

क्लस्टर या जोन लेवल पर शिविर लगाने हेतु समय सारिणी जिले द्वारा तैयार की जाएगी। टीम द्वारा प्राप्त आवेदन व शिकायतों का निराकरण क्लस्टर या जोन लेवल पर आयोजित शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

आवेदनों का निराकरण को पोर्टल पर क्लस्टर या जोन लेवल के नोडल अधिकारी के द्वारा दर्ज किया जाएगा।

### विकासखंड मुख्यालय में शिविर

₹संकल्प से समाधान अभियान₹ का तृतीय चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक चलेगा। इस चरण के अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अपर आयुक्त नगर निगम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रहेंगे। इस चरण अंतर्गत ब्लॉक, नगर स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसमें क्लस्टर या जोन लेवल पर अनिराकृत शेष आवेदन व शिकायतों या नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। जिन विकासखण्ड मुख्यालयों में नगर पंचायत या नगर पालिका स्थित है, उनमें सम्मिलित रूप से विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में किए गए निराकरणों को ब्लॉक लेवल नोडल अधिकारी द्वारा पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। बड़े शहरों यथा नगर निगमों एवं नगर पालिकाओं में जनसंख्या के अनुसार क्लस्टर या जोन का निर्धारण किया जाएगा ।

### जिला स्तर पर लगेगा शिविर

चतुर्थ चरण 26 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा। इसमें जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर समस्त अनिराकृत शेष आवेदन व शिकायतों व नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा की जाएगी तथा जिला अंतर्गत समस्त शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर हितग्राहियों को जिला स्तरीय समारोहों में सम्मान पूर्वक हितलाभ वितरण किया जायेगा।

शिविरों की संख्या एवं स्थान (लोकेशन) का निर्धारण जिला स्तर पर किया जाएगा।

# गेहूँ उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन 7 फरवरी से शुरू होगा। किसान 7 फरवरी से 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है।

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है।

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। इन केन्द्रों पर पंजीयन के लिये शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में कलेक्टर निर्देश जारी करेंगे। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान-पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।

सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पूर्व वर्षों की किसी अपात्र संस्था में केन्द्र प्रभारी एवं ऑपरेटर को किसी अन्य संस्था में पंजीयन के लिए नहीं रखा जायेगा।

किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक का नाम खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। अक्रियाशील बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे।

*जिला पंचायत में आयोजित हुई बैठक में स्व सहायता समूहों को दी गई जानकारी*

# ग्रामीण एक्सप्रेस योजनान्तार्गत बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाने और महिला स्व-सहायता समूहों को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बड़वारा एवं कटनी अन्तर्गत ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के तहत वाहनों के संचालन हेतु एक दिवसीय बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बैठक में विकासखण्ड प्रबंधक द्वय बड़वारा एवं कटनी, सीएलएफ सदस्य, स्वसहायता समूह सदस्य एवं चयनित हितग्राहियों के उन्मुखीकरण किया जाकर योजनांतर्गत नवीन गाईडलाईन के अनुसार प्रत्येक विकासखण्ड से चिन्हित मार्ग की व्यवहार्यता का आकलन, व्यावसायिक कार्ययोजना, आरटीओ से रूट क्लीयरेंस, परमिट एवं अन्य वैधानिक कार्य किये जाने संबंधी प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया ।

महिला स्व-सहायता समूह सदस्यों को आजीविका का एक वैकल्पिक स्त्रोत प्रदान करने के उददेश्य से भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना का संचालन वर्ष 2015-16 से किया जा रहा है। मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के तहत सवारी वाहनो का संचालन मिशन के तहत गठित संकुल स्तरीय संगठनों के माध्यम से किया जाना है। ग्रामीण एक्सप्रेस योजना ग्राम के आर्थिक विकास तथा दूरदराज के ग्रामों को प्रमुख सेवाओं एवं सुविधाओं (बाजार, स्कूल, स्वास्थ्य ) से जोड़ने हेतु सुरक्षित, सस्ती एवं समुदाय की निगरानी वाली ग्रामीण परिवहन सेवा है ।

उल्लेखनीय है कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत जिले के विकासखण्ड बहोरीबन्द एवं ढीमरखेडा में 2 वाहनों का संचालन पूर्व से स्व-सहायता समूह सदस्यों द्वारा किया जा रहा है तथा वित्तीय वर्ष में जिले के विकासखण्ड बडवारा एवं कटनी में वाहनों का अनुमोदन ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिया गया है।

जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम शबाना बेगम द्वारा बताया गया कि इस योजना के तहत दूरस्थ स्थानों से यातायात को सुगम करने हेतु शासन की ओर से समूह सदस्यों को ऋण के रूप में राशि प्रदाय की जाती है। जिसका उपयोग समूह सदस्य आजीविका में वृद्धि किये जाने में करते हैं।

कार्यशाला के दौरान एनआरएलएम से उपस्थित जिला प्रबंधक द्वय सीमा सिंह, कमलाकर मिश्रा भी उपस्थित रहकर वाहन संचालन के दौरान सावधानियों, कार्ययोजना, सामुदायिक उपार्जन नियम एवं सुगम परिवहन हेतु मार्गदर्शित किया गया।

इस दौरान प्रभारी जिला प्रबंधक प्रदीप कुमार जैन, विकासखण्ड प्रबंधक अजय पाण्डेय, सूर्यप्रताप सिंह बघेल, जया कोष्ठी, धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, राजेश कुमार पाण्डेय, राजेश कुमार खरे, मो. शहजाद खान इत्यादि की उपस्थिति रही।

## 10 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिला जिले के पटवारियों की विभिन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में प्रमुख सचिव राजस्व मध्यप्रदेश सरकार एवं आयुक्त भू- प्रबंधन ग्वालियर मध्यप्रदेश व जिला कलेक्टर के नाम 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कटनी अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा को जियो टेग गिरदावरी से हटाने ग्राम की सीमा में किसी भी जगह खडे होकर गिरदावरी किया जा सके निश्चित करने ,फार्मर आइडी सीएस सी सेंटर से आन लाइन तथा फार्मर आइडी मैं आ रही समस्याओं का निराकरण करने, नवोदित पटवारियों का वेतन शतप्रतिशत दिए जाने, अतिरिक्त हल्का का मानदेय व अन्य भत्तों का बजट उपलब्ध कराने, निलंबित पटवारी संजय कोल ,भानसिंह बागरी, किरन सेन का तत्काल बहाल किये जाने तथा बहोरीबंद अनुभाग के पटवारियों तथा जिले की तहसील कटनी नगर के पटवारियों का नियम विरुद्ध काटा गया वेतन तुरंत दिये जाने एवं राजस्व निरीक्षक पद पर कार्य कर रहे पटवारियों को दोहरे कार्य का भत्ता दिये जाने के संबंधीं ज्ञापन सौंपा गया।

# 1100 से अधिक पेयजल नमूनों की हुई जांच, शिकायतों किया जा रहा त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम कटनी सीमान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा वृहद स्तर पर प्रयास किये जा रहे है। जल प्रदाय विभाग की द्वारा विभिन्न वार्डों के मैदानी सर्वेक्षण के साथ ही जल गुणवत्ता सैंपलिंग, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के साथ ही प्राथमिकता से लीकेज संबंधी शिकायतों पर कार्यवाही की जा रही है। वहीं दूसरी ओर शासन निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार वार्ड स्तरीय जल सुनवाई का आयोजन किया जाकर नागरिकों की पेयजल संबंधी समस्याओं पर सुनवाई भी निरंतर जारी है।

कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति के मद्देनजर बुधवार प्रातः हाउसिंग बोर्ड कालोनी, विवेकानंद वार्ड खेरमाई मंदिर के पीछे बस्ती, शिवाजी वार्ड बजरंग कालोनी, विश्राम बाबा वार्ड न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी की टंकी, सुधार न्यास कॉलोनी, नेहरू वार्ड, सिविल लाइन टंकी, अल्फर्ट गंज बस्ती, बाबू जगजीवन राम वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड एनकेजे, बाबा नारायण शाह वार्ड एवं संत कंवरराम वार्ड रॉबर्ट लाईन आदि स्थलों से पेयजल आपूर्ति के दौरान जल सैंपल संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजने की कार्यवाही की गई। इस दौरान नागरिकों से पेयजल गुणवत्ता के संबंध में प्रत्यक्ष संवाद भी किया जा रहा है।

कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि जल परीक्षण की कार्यवाही के तहत नगर निगम प्रशासन द्वारा अब तक कुल 1 हजार 151 जल नमूनों का परीक्षण किया जा चुका है। जिसमें 325 जल नमूनों का परीक्षण नगर निगम द्वारा आयोजित वार्ड स्तरीय जल सुनवाई के दौरान किया गया है। इसके अलावा ओवरहेड टैंक, संपवेल की सफाई, ट्यूबवेल का सुधार एवं लीकेज सुधार का कार्य भी निरंतर रूप से जारी रखा जाकर प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निराकरण कराया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी पेयजल की शुद्धता को लेकर किसी प्रकार की शिकायत हो, तो नागरिक तत्काल नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर 9351136230 पर संपर्क करें, ताकि समय पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके।

*निगम आयुक्त ने अधिकारियों के साथ नवीन चौपाटी का किया निरीक्षण*

# महानगरों की तर्ज पर व्यवस्थित एवं सर्व सुविधायुक्त चौपाटी निर्माण की दिशा में कार्यवाही के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



किसी भी नगर की पहचान में स्थानीय चौपाटी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चौपाटी का निर्माण बार-बार संभव नहीं होता, इसलिए इसके निर्माण में दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाया जाना आवश्यक है। चौपाटी को व्यवस्थित, सुविधायुक्त एवं नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाए तथा इसमें अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को भी समाहित कर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उक्त निर्देश नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने मंगलवार शाम निर्माणाधीन नवीन चौपाटी के स्थल निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री असित खरे, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, उपयंत्री संजय मिश्रा, सहित संविदाकार एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने चौपाटी निर्माण की ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन करते हुए स्थल पर निर्मित कराई गई कुल संरचनाओं एवं चौपाटी के अन्य विकास कार्यो हेतु रिक्त स्थल पार्किंग स्थल, बैठक व्यवस्था आदि का स्थलीय निरीक्षण किया जाकर पार्किंग की व्यवस्था चौपाटी परिसर के बाहर समीप के अन्यत्र उचित स्थल पर करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि चौपाटी परिसर को इंदौर की छप्पन एवं जयपुर की चौपाटी की तर्ज पर अलग अलग सेक्शन वार सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाए। उन्होंने फूड स्टॉल्स की नियोजित व्यवस्था, बैठने की समुचित सुविधा, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, पार्किंग एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के साथ ही, चौपाटी को पारिवारिक एवं सुरक्षित वातावरण के साथ विकसित करने पर जोर दिया, जिससे यह नागरिकों के लिए एक आकर्षक एवं सुविधाजनक स्थल बन सके।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त द्वारा दीनदयालय रसोई रोटी कुटी एवं पूर्व स्थापित चौपाटी के रिक्त परिसर का निरीक्षण कर हाउसिंग बोर्ड द्वारा प्रस्तावित निर्माण कार्यो के स्थलों की जानकारी लेने तथा जिला चिकित्सालय, मुड़वारा स्टेशन, फारेस्टर प्लेग्राउण्ड सहित चैपाटी आनें वाले लोगों को वाहन खड़ा करनें की सुविधा के मद्देनजर मल्टी-लेवल पार्किंग हेतु क्षेत्र में उचित स्थल का चयन करनें के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

### आयोजन समिति ने तिथि का किया निर्धारण

# 19 फ़रवरी को बहोरीबंद विकासखण्ड में होगा सामूहिक विवाह आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद जनपद में 19 फ़रवरी को मुख्यमंत्री कन्यादान-निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह आयोजन होगा। तिथि निर्धारण के बाद जनपद की सभी 79 ग्राम पंचायतों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए है कि सामूहिक विवाह में अधिक से अधिक जोड़े शामिल करें ताकि गरीब जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। योजना के तहत कन्या /विधवा (कल्याणी /परित्यक्ता जो विवाह करने के इच्छुक हो उनके आवेदन ले। यह भी ध्यान रखा जाये कि जोड़ा पूर्व से विवाहित न हो क्योंकि सरकारी योजना का लाभ लेने अधिकतर ऐसे मामले सामने आते है। इसलिए पात्र जोड़े ही शामिल किए जाये।

गौरतलब है कि इस वर्ष शासन स्तर के द्वारा विवाह के लिए दिशा निर्देश जारी कर तिथियो का निर्धारण किया गया।जिसके बाद से जिले के नगरीय व जनपद क्षेत्र मे सामूहिक विवाह आयोजन के लिए गतिविधियों शुरू हुई। योजना अंतर्गत विवाह के लिए हितग्राही ग्राम पंचायत व जनपद पंचायत की योजना शाखा से निर्धारित प्रपत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों सहित 5 फ़रवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से अपना आवेदन जमा करना होगा।

उन्होंने बताया कि विवाह के लिए मप्र का मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र, वधू की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए। इसके लिए आवेदन के साथ वर वधू के आयु संबंधी दस्तावेज दोनों की समग्र सुरक्षा आईडी, वधू का राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता वधू की तीन फोटो, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र का होना अनिवार्य किया गया है।

### इनका कहना है

इस संबंध में बहोरीबंद जनपद सीईओ अभिषेक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह- निकाह योजना के तहत बहोरीबंद विकासखंड में 19 फ़रवरी 2026 को सामूहिक विवाह आयोजन आयोजित होगा। सरकारी विवाह आयोजन में गरीब जरूरतमंदो को लाभ मिले व अधिक से अधिक जोड़े शामिल हो जिससे इसके लिए विकासखंड की सभी 79 ग्राम पंचायतों के सचिव व रोजगार सहायको आवश्यक दिशा -निर्देश जारी कर दिए गए है। 5 फ़रवरी आवेदन करने की अंतिम तारीख है।

### खरमास की हुई समाप्ति, शुरू होंगे वैवाहिक आयोजन

खरमास की समाप्ति और शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण मांगलिक कार्यों पर लगा प्रतिबंध बुधवार से समाप्त हो गया है ।4 फरवरी यानि बुधवार से एक बार फिर शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगी है। बाजारों में रौनक लौट आई है। पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करने पर लगने वाले खरमास और शुभ कार्यों के कारक शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण विवाह जैसे संस्कार वर्जित थे। चूंकि विवाह के लिए शुक्र और गुरु दोनों का उदय होना अनिवार्य माना जाता है, इसलिए अब तक शादियों के मुहूर्त नहीं बन पा रहे थे। 4 फरवरी से शादियों का यह सिलसिला लगातार चलेगा। फरवरी माह में विवाह के कई श्रेष्ठ मुहूर्त बन रहे हैं।बाजारों मै बढ़ी हलचल-विवाह की तारीखें नजदीक आते ही बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र के स्लीमनाबाद, बहोरीबंद, बाकल, कुआँ व बचैया सहित आसपास के क्षेत्रों में भी व्यापारिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बैंड-बाजे, टेंट, कैटरिंग और ज्वेलरी मार्केट में बुकिंग का दौर जोरों पर है। मैरिज गार्डन भी आगामी सीजन के लिए पूरी तरह बुक हो चुके है। विवाह के मुहूर्त कब-कब-पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि फ़रवरी माह के साथ के मार्च माह में 9,11,12,14 को। अप्रैल में 20,21,26 को। मई में 5,6,7,8,14 को जून में 19,20,22,23,26 को। जुलाई में 1,6,7,11 को। इस बार अधिक मास ज्येष्ठ माह में आने वाला है जो 17 मई से 15 जून तक रहेगा। इस दौरान विवाह आदि कार्य नहीं किये जा सकेंगे साथ ही शुद्ध ज्येष्ठ मास का जब आरंभ होगा तो विवाह के योग पुनः बनेंगे ।

# रोजाना दो वार्डो की विभिन्न गलियों में फागिंग मशीन से छोड़ा जाएगा धुंआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मच्छर जनित बीमारियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने कैलेण्डर निर्धारित कर प्रतिदिन वार्डों में फॉगिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए है।

स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि निर्धारित कैलेण्डर अनुरूप अभियान के तहत 4 फरवरी बुधवार को शाम 5:30 बजे से वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 की विभिन्न गलियों में कीटनाशक दवा का छिडकाव किया जाएगा। वहीं 5 फरवरी को वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 में 6 फरवरी को वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 में, 7 फरवरी को वार्ड क्रमांक 7 एवं 8 में 8 फरवरी को वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 में, 9 फरवरी को वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 में 10 फरवरी को वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में, 11 फरवरी को वार्ड क्रमांक 15 एवं 16 में 12 फरवरी को वार्ड क्रमांक 17 एवं 18 में, 13 फरवरी को वार्ड क्रमांक 19 एवं 20 में तथा 14 फरवरी को वार्ड क्रमांक 21 एवं 22 में फागिंग अभियान चलाया जायेगा।

इसी प्रकार 15 फरवरी को वार्ड क्रमांक 23 एवं 24 में, 16 फरवरी को वार्ड क्रमांक 25 एवं 26 में , 17 फरवरी को वार्ड क्रमांक 27 एवं 28 में,18 फरवरी को वार्ड क्रमांक 29 एवं 30 में, 19 फरवरी को वार्ड क्रमांक 31 एवं 32 में , 20 फरवरी को वार्ड क्रमांक 33 एवं 34 में, 21 फरवरी को वार्ड क्रमांक 35 एवं 37 में, 22 फरवरी को वार्ड क्रमांक 38 एवं 39 में , 23 फरवरी को वार्ड क्रमांक 40 एवं 41 में , 24 फरवरी को वार्ड क्रमांक 42 एवं 43 में तथा 25 फरवरी को वार्ड क्रमांक 44 एवं 45 में फागिंग अभियान चलाकर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जाएगा।

खास बातें

## तेंदूखेड़ा मस्जिद में माहे शाबान की 14 तारीख को मनाया शब-ऐ-बारात

**तेंदूखेड़ा।** मुसलमानों के लिए माहे शाबान का महीना बहुत ही पवित्र माना जाता है शाबान के महीने में एक दिन ऐसा अभी है जो सबसे अफजल है वह है शब-ए-बारात की रात जिसमें लोग अपने रब को मनाने के लिए रात में जाग कर नमाज पढ़ते हैं और अपने गुनाहों की माफी अपने रब से मांगते हैं इसमें ऐसी मान्यता है कि जिसे शब ऐ बारात की रात मिली और वह रात में जाग कर नमाज़े पढ़े कुरआन पड़े और गुनाहों की माफी मांगी तो रब उसके 70 -80 साल के गुनाह रब माफ कर देगा और आज ही के दिन हजरत ओवैस करनी रहमतुल्लाह अल ह के इसाले सवाब के लिए दुआएं की जाती हैं। इसी सिलसिले में मीलाद शरीफ का प्रोग्राम रखा गया जिसमे सभी ने नात-ऐ-पाक में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया हाफिज ख़ालिद रज़ा ने अपनी तकरीर में शब-ऐ-बारात की फ़ज़ीलत बया की ओर आखिर में सलातो सलाम के बाद लोग अपने रब को मनाने ने रात भर इबादत करते रहे ओर नमाज़े पड़ते रहे। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी तेंदूखेड़ा के अध्यक्ष सदर अब्दुल समी साहब ,उप सदर डॉक्टर अजीज खान ,खलील खान ,शेख जाहिद, सोनू खान, हैदर हुसैन जाफरी ,सलीम खान ,शाहिद हुसैन ,रहीस बाबा, अब्दुल कलाम ,मोनू ,इमरान खान, सलीम बेग ,लकी ,शेख गुलाब ,शेख मुन्ना ,शेख अकबर, शहीद शाह ,शाकिर मुस्ताक शाह,अली ,डॉक्टर इकबाल खान ,तबरेज अली, और बड़ी तादात में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

## एक दशक उपरांत दमोह की धरती पर जीवन मुक्त सतगुरु के पावन दर्शन

**दमोह।** 9 फरवरी को दमोह की पावन धरती पर जीवन मुक्त सतगुरु साई ईश्वर शाह साहिब का आगमन होने जा रहा है, जो 10 वर्ष 11 माह के लंबे अंतराल के बाद हो रहा है। इस अवसर पर दमोह और आसपास के क्षेत्रों में अपार उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। 9 फरवरी की शाम 7 बजे सतगुरु साई ईश्वर शाह साहिब के पावन आगमन पर विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ गुरु चरणों में अपनी आस्था अर्पित करेंगे। इसके अलावा, 10 फरवरी सुबह 10 से तहसील ग्राउंड, दमोह में सतगुरु साहिब के पावन सानिध्य में विशाल हरे माधव सत्संग का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनेगा, बल्कि प्रेम, सद्भाव और मानवता के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाएगा। दमोह का हर कोना सत्संगमय होगा और हर हृदय हरे माधव नाम से गूंजेगा। जीवन मुक्त सतगुरु साई ईश्वर शाह साहिब का यह आगमन दमोह के इतिहास में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का स्वर्णिम अध्याय सिद्ध होगा।

एसडीईएम तहसीलदार ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्री अतिरुद्र महायज्ञ एवं कथा का होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





उपकाशी की पावन पुण्य धरा पर देवश्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 श्री अति रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। जिसका शुभारंभ आज भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। श्रीमद् भागवत कथा के लिए दद्दा कला मंच एवं यज्ञ शाला की सजावट पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम के बारे में कुँ पुष्पेंद्र सिंह हजारी ने बताया कि अति रुद्र महायज्ञ यज्ञाचार्य पं. डॉ मथुरा प्रसाद शुक्ल वाराणसी के निर्देशन में होगा और श्रीमद् भागवत कथा व्यास पं. डॉ अनिल शास्त्री जी द्वारा संपन्न की जाएगी।

### एसडीएम तहसीलदार ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायगा

देवश्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में आज गुरूवार से शुभारंभ होने जा रहे महारूद्र यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं हेतु बुधवार की शाम एसडीएम राकेश मरकाम एवं तहसीलदार उमेश तिवारी ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम समिति के पदाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह हजारी राहुल असाटी अनुराग वर्धन सिंह हजारी के साथ प्रांगण का निरीक्षण कर विधिवत आयोजन की जानकारी ली। एसडीएम ने मुख्य रूप से यातायात व्यवस्था, वाहन पार्किंग, पेयजल, यज्ञशाला, एवं शिवलिंग निर्माण उपरांत सुनार नदी के घुराघाट पर एसडीआरएफ टीम की मौजूदगी में किए जाने निर्देशित किया। वही कार्यक्रम स्थल पर दोनों तरफ से वाहनों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किए जाने निर्देशित किया गया।

### कलश यात्रा एवं धार्मिक कार्यक्रम

भव्य कलश यात्रा आज गुरुवार को दोपहर 1:30 बजे से सुनार नदी के पावन तट स्थित देवश्री भूतेश्वर सरकार के मंदिर से प्रारम्भ होगी। कलश यात्रा बजरिया होते हुए देवश्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में पहुंचेगी। 6 फरवरी से शिवलिंग निर्माण प्रातः 7 बजे, हवन प्रातः 8 बजे, और रुद्र अभिषेक तथा विसर्जन दोपहर 11 बजे होंगे।9 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक पं. डॉ अनिल शास्त्री जी की श्रीमद भागवत कथा श्रवण पान कराया जाएगा।15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य शिव बारात का आयोजन और धार्मिक अनुष्ठान की पूर्णाहुति होगी एवं विशाल भंडारी के साथ समापन होगा। आयोजन समिति ने सभी नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों से बढ़-चढ़कर शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है। बुधवार को श्री सुंदरकांड एवं देवी जाप के आयोजन के साथ भगवान दूल्हा भेषधारी देवश्री गौरीशंकर भगवान की भव्य आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस 10 दिवसीय धार्मिक आयोजन में सभी से यज्ञ कमेटी द्वारा भागीदारी की अपील की गई है ताकि धर्म लाभ उठाया जा सके।

# छतरपुर 11 टीम का ट्रॉफी पर तीसरी बार कब्जा

## क्रांति गोड की टीम ने जीता फाइनल मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

ग्राम फुटेरा कला स्थित तूफान गंगा स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय महिला मैनेजमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। फाइनल मैच छतरपुर 11 और अशोकनगर 11 के बीच खेला गया, जिसमें छतरपुर 11 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर लगातार तीसरी बार कब्जा जमाया। अशोकनगर 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 145 रन बनाए। जीत के लिए मिले 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए छतरपुर 11 की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और मात्र 17 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर 7 विकेट से फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया।

छतरपुर टीम की ओर से भारती वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 45 गेंदों में नाबाद 62 रन बनाए और गेंदबाजी में भी 1 विकेट हासिल किया। उनके इस ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता छतरपुर 11 टीम को 15,000 रू नगद राशि एवं शील्ड, जबकि उपविजेता अशोकनगर 11 टीम को 7,000 रूपये नगद राशि एवं शील्ड प्रदान की गई। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बेस्ट अंपायरः पारस असाटी एवं भागवत सेन, बेस्ट कमेंटेटरः सेवानिवृत्त शिक्षक नर्मदा सिंह, बेस्ट स्कोररः रोहित सिंह को चुना गया। साथ ही क्षेत्र के मीडिया कर्मियों एवं आयोजन समिति के विशेष योगदानकर्ताओं को आकर्षक शील्ड एवं शाल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीत पटेल, उपाध्यक्ष मंजू कटारे, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानक पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अतिथि मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने महिला खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना की सराहना की।

आयोजक राजेश राय ने बताया कि टूर्नामेंट निदेशक चंद्रकांत एवं गुड्डू राय के सहयोग से प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। पत्रकार जे.के. भाई द्वारा लगातार तीन छक्के लगाने पर खिलाड़ियों के लिए 51,000 की इनामी राशि रखी गई, जिसने दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया। कार्यक्रम में बटियागढ़ ब्लॉक के सभी पत्रकारों का आयोजक राजेश राय द्वारा सम्मान किया गया। फाइनल मुकाबले को देखने क्षेत्र के दर्जनों गांवों से पुरुष एवं महिला खेल प्रेमी बड़ी संख्या में पहुंचे। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, अतिथियों, दर्शकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# भगवान पदमप्रभु का मोक्ष कल्याणक एवं त्रिमूर्ति वेदी शिलान्यास महोत्सव आज

**दमोह।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हें मंदिर जी में जैन धर्म के छठवे तीर्थंकर श्री पदम प्रभु भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव एवं त्रिमूर्ति बेदी शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन आज 5 फरवरी को प्रातः 8 बजे से मुनि श्री पदम सागर जी के ससंघ सानिध्य में किया गया ळें दमोह नगर की असाटी वार्ड नंबर 2 स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में नवीन निर्माण जिर्णोद्धार कार्य तेजी से चल रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष नवीन निराला ने बताया कि यहां पर प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव भगवान आदिनाथ एवं भरत जी की पाषाण की विशाल प्रतिमा की स्थापना भगवान बाहुबली जी की प्रतिमा के साथ की जाना है। साथ ही नवीन चौबीसी का निर्माण कार्य भी किया जाना है। जिसके प्रथम चरण में आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य गुरुदेव समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से उनके मुनि श्री 108 पद्मसागर जी एवं छुल्लकश्री तात्पर्य सागर जी के सानिध्य में 5 फरवरी को प्रातः बेला में त्रिमूर्ति बेदी शिलान्यास का भव्य कार्यक्रम रखा गया है। इसके पूर्व प्रातः 7 बजे श्री जी के अभिषेक पूजन के साथ भगवान पदम प्रभु का मस्तकाभिषेक एवं शांति धारा मुनि श्री के मुखारविंद से संपन्न होगी। तत्पश्चात निर्वाण लाडू चढ़ाकर महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर बुधवार को मंदिर जी में मुनि संघ के सानिध्य तथा पंडित सुरेश शास्त्री एवं ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया के निर्देशन में श्री शांतिनाथ महामंडल विधान आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मंदिर के आसामियों ने धर्म लाभ अर्जित किया। भाई जी मंदिर एवं सिंघई मंदिर के पदाधिकारी ने मुनि श्री के समक्ष श्रीफल भेंट करके अपने अपने मंदिरों में होने वाले आयोजनों के लिए निवेदन किया। भाई जी मंदिर के अध्यक्ष श्री पवन जैन चश्मा एवं बड़े मंदिर के आसामी वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद इटोरिया ने त्रिमूर्ति शिलान्यास हेतु एक-एक शिला रखने का सौभाग्य प्राप्त किया। वही परस्वाहा वाले परिवार के द्वारा अपनी पूर्व घोषित दान राशि को दुगना करने की घोषणा की गई। श्री पार्श्व नाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर के महामंत्री राजकुमार जैन रानू सकल जैन समाज से 5 फरवरी को होने वाले पदम प्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं त्रिमूर्ति बेदी शिलान्यास महोत्सव में सा परिवार शामिल होकर पुण्यार्जन की अपील की है।

कलेक्टर एवं एसपी ने बांदकपुर पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# देव श्री जागेश्वर नाथ धाम में शिव-पार्वती विवाह महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित होने वाले शिव-पार्वती विवाह भक्ति महोत्सव एवं एक दिवसीय मेले की तैयारियों को लेकर आज मंदिर ट्रस्ट कमेटी एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पर्व के दौरान देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारू व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करना रहा। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बांदकपुर पहुंचे और मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकासी द्वार, दर्शन मार्ग, मेला क्षेत्र एवं अन्य व्यवस्थाओं का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं, अग्निशमन, आपातकालीन व्यवस्था एवं सुरक्षा इंतजामों को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर एवं एसपी ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एलईडी स्क्रीन की संख्या बढ़ाने के निर्देश मंदिर ट्रस्ट को दिए, ताकि अधिक संख्या में श्रद्धालु सुगमता से दर्शन कर सकें। साथ ही नर्मदांचल क्षेत्र से बड़ी संख्या में आने वाले कांवड़ यात्रियों के लिए भी सुचारू एवं सुरक्षित दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### गर्भगृह में प्रवेश रहेगा निषेध

मंदिर प्रशासन द्वारा बताया गया कि महाशिवरात्रि पर्व पर 15 एवं 16 फरवरी को गर्भगृह में श्रद्धालुओं का प्रवेश निषेध रहेगा। श्रद्धालु बाहर से ही दर्शन एवं जलाभिषेक कर सकेंगे। पूर्व की भांति वैकल्पिक दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने संबंधित विभागों को समय पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी एवं सीसीटीवी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मंदिर समिति के प्रबंधक रामकृपाल पाठक, सुरेश मेहता, एएसपी सुजीत भदोरिया, एसडीएम दमोह आर.एल. बागरी, एसडीओपी प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, मंदिर समिति के सदस्य, पुजारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भागवत महापुराण विश्राम पर हुआ हवन पूजन व विशाल भंडारा



**रनेह।** बड़ी माता देवी दरबार मातनताल पर ग्राम एवं क्षेत्रवासियों ने सार्वजनिक रूप से पंडित श्री गिरधारी शरण शास्त्री महाराज के मुखारविंद से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया। कथा विश्राम पर वैदिक मंत्र उपचार के साथ हवन पूजन एवं पूर्णाहुति संपन्न कराई गई। जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। कथावाचक पंडित गिरधारी शरण शास्त्री ने श्रीमद् भागवत महापुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की भागवत कथा मानव जीवन को धर्म सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है तथा समाज में सद्भाव और संस्कारों का संचार करती है। वेदी हवन पूजन के साथ विशाल भंडारा धर्म प्रेमियों ने आयोजित किया। जिसमें भारी संख्या में श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने वाले श्रोताओं के साथ ही जगतजननी के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भागवत पुराण के साथ ही बड़ी माई का आशीर्वाद प्राप्त कर धर्म लाभ अर्जित किया।

सुबह से शाम तक चल भंडारे में हजारों की संख्या में देवी स्वरूपा कन्याओं, बच्चों, महिला, पुरुषों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों की प्रशंसा कर उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग की सक्रिय सहभागिता रही। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोग कर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों के निरंतर आयोजन की बात कही।

## धूमधाम से हुई महाराजा अग्रसेन की महाआरती



**दमोह।** अग्रवाल समाज के द्वारा प्रत्येक माह महाराजा अग्रसेन की महा आरती का आयोजन फुटेरा वार्ड दो स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में किया जाता है। जिसके क्रम में 53 में महाआरती का आयोजन किया गया। इस बार आरती की जजमानी अग्रवाल महासभा की महिला प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रमा अशोक अग्रवाल के द्वारा की गई। पंडित बृजेश पाठक के सानिध्य में सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश माता लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन का पूजन अर्चन किया गया जिसके बाद महाआरती का आयोजन , प्रसाद वितरण किया गया। आरती में मुख्य रूप से अग्रवाल महासभा के युवा संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, समाज दमोह के उपाध्यक्ष राज बहादुर अग्रवाल, अग्रवाल जन जागरण समिति के अध्यक्ष स्वप्नेश अग्रवाल समाज के वरिष्ठ द्वारका प्रसाद अग्रवाल, विनोद केदार, नंदकिशोर, कुसुम माया रानी, नीतू रिद्धि, दीप्ति निशा, कल्पना, पुष्पा रानी, गीता रश्मि अदिति अनन्या विशेष विराज आदित्य सफल आदि उपस्थित रहे।

# मवेशियों को चराने गए चरवाहे पर जंगली सुअर ने किया हमला

**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र में जंगली जानवरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और वह जंगलों से निकलकर गांव के अंदर व शहरों में प्रवेश कर रहे हैं जो भी सामने आता है तो उनपर हमला कर घायल करके जंगलों में चले जाते हैं इस तरह की अनेक घटनाएं घटित हो चुकी है लेकिन वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई व पहल नहीं कर रही है ऐसा ही एक और मामला बुधवार को सामने आया है जब एक चरवाहा अपनी बकरियों को चराने गांव के बाहर तालाब किनारे पहुंचा तो पीछे से सूअर ने हमला कर घायल कर दिया जिसके बाद चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो सूअर घायल करके जंगली की और भाग निकला और चरवाहे को प्राइवेट वाहन से स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। मामला तारादेही वन परिक्षेत्र के पिड़रई गांव का है जहां बुधवार सुबह मवेशी चराने गए एक चरवाहे पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया इस हमले में चरवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां परिजन तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना की सूचना वन विभाग को भी दे दी गई है। घायल चरवाहे कमोदी पिता पूरन पाल उम्र 35 वर्ष निवासी पिड़रई थाना तेंदूखेड़ा है घायल के जीजा करन पाल ने बताया कि कमोदी बुधवार सुबह हमेशा की तरह अपने मवेशी चराने तारादेही वन परिक्षेत्र के जामुन बीट अंतर्गत पिंडरई स्थित एक तालाब किनारे गए थे। इसी दौरान एक जंगली सूअर ने उन पर हमला कर दिया कमोदी पाल की चीख सुनकर करन पाल और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख जंगली सूअर वहां से भाग निकला। घायल कमोदी को तत्काल एक निजी वाहन से तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 264 लोगों की गई चेस्ट स्क्रीनिंग



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपूर्णता अभियान 2.0 एवं टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा में आयोजित संपूर्णता अभियान के अंतर्गत उपस्थित उच्च जोखिम 264 हितग्राहियों की हैंड होल्ड एक्स रे मशीन के द्वारा टी वी स्क्रीनिंग की गई। टी वी से संबंधित जानकारी आमजन मानस डी पी सी दीपक सिंह राजपूत के द्वारा दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में खंड चिकित्सा अधिकारी तेंदूखेड़ा, डॉक्टर अशोक बड़ोनिया, डीपीसी दीपक सिंह राजपूत, रेडियोग्राफर सूरज शर्मा, एस टी एल एस अमित बिलथारिया, एस टी एस श्री बलराम कुलस्ते एवं तेंदूखेड़ा के स्वास्थ स्टाफ की उपस्थिति रही।

# चीता प्रोजेक्टः एक सप्ताह में जमीनी स्तर पर सुविधाएं जुटाने शुरू होगा काम

**वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की किस रेंज में बसेंगे चीता तय होगा , अलग-अलग प्रकार से विकसित किए जाएंगे बोमा घास मैदान का क्षेत्रफल भी बढ़ाया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में सबकुछ ठीक रहा तो एक सप्ताह के अंदर कागजी कार्रवाई के साथ जमीनी स्तर पर भी चीता प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो जाएगा अफ्रीकन चीतों को टाइगर रिजर्व में बसाने के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी ताकि उनके लिए आवश्यक सुविधाएं जुटाई जा सकें टाइगर रिजर्व को चीता प्रोजेक्ट के तहत शुरुआती किस्त के रूप में करीब 5 करोड़ की राशि मिल चुकी है इसी वजह से टाइगर रिजर्व के चिन्हित एरिया में सॉफ्ट रिलीज बोमा क्वारेंटाइन बोमा घास के मैदान में इजाफा आदि कार्य शुरू किए जा रहे हैं अलग-अलग प्रकार के बोमा को 50 से 100 हेक्टेयर के क्षेत्र में विकसित करने का प्लान है टाइगर रिजर्व में दमोह क्षेत्र बहुत ही खुला है इसलिए चीतों और इंसानों में टकराव न हो इसलिए उक्त बाड़े की फेंसिंग कराने का भी सुझाव दिया था यही वजह है कि अब टाइगर रिजर्व उक्त दोनों प्रयासों पर कार्य शुरू कर रही है। टाइगर रिजर्व में चीतों को बसाने के लिए मई-2025 में एनटीसीए (राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण) समेत अन्य विशेषज्ञों की टीम दमोह सागर आई थी उन्होंने टाइगर रिजर्व का मुआयना करने के बाद स्थानीय प्रबंधन और वन विभाग को बाड़ों का निर्माण करने की सलाह दी थी, ताकि प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। बाघ शिफ्टिंग के सफलतापूर्वक परिणाम के बाद टाइगर रिजर्व के खुले मैदानों में जल्द ही चीतें छलांग मारेंगे अप्रैल माह तक चीतें आ सकतें हैं शुरुआत में चीतों को बोमा में रखा जाएगा बाड़े में रखकर उनकी निगरानी होगी यदि यहां चीता शिफ्टिंग प्रोजेक्ट सफल रहा तो वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व ऐसा पहला टाइगर रिजर्व बनेगा जहां एक साथ बाघ चीतें देखे जा सकेंगे। दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीता प्रोजेक्ट के लिए नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनटीसीए) और वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूआईआई) को नोडल एजेंसी बनाया गया है। वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की टीम ने ही टाइगर रिजर्व में चीतों के लिए मुहली, सिंगपुर और झापन तीन रेंज का चयन किया है। यहां घने घास के मैदान ज्यादा है जिससे चीता लंबी दूरी तक मूवमेंट कर सकेंगे। शिफ्टिंग के एक महीने तक क्वारेंटाइन बोमा में रखा जाएगा। 600 हैक्टेयर में 8 बोमा तैयार किए जा रहे हैं अप्रैल तक यह तैयार हो जाएंगे।

### फैक्ट फाइल

**3 जिलों में फैला है टाइगर रिजर्व**
**2339 वर्ग किलोमीटर है क्षेत्रफल**
**1414 वर्ग किलोमीटर है कोर एरिया**
**925.12 वर्ग किलोमीटर है बफर एरिया।**
**7 सालों से सुर्खियों में हैं टाइगर रिजर्व ।**
**वर्ष-2019 में बाघ-बाधिन के जोड़े को टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया था। तब यह नौरादेही अभयारण्य हुआ करता था। अक्टूबर-2022 में नौरादेही अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व का दर्जा मिला और तभी से यहां पर लगातार वन्यजीवों को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं।**

### इनका कहना है

टाइगर रिजर्व में चीता प्रोजेक्ट पर भी जल्द ही काम शुरू होने वाला है टेंडर प्रक्रिया के बाद संसाधन व सुविधाएं जुटाई जाएंगी जल्द ही प्रयास जमीनी स्तर पर भी नजर आएंगे।

**भगवती प्रसाद तिवारी**
**एसडीओ वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व**

# हटा-पथरिया क्षेत्र के पात्र किसानों को शीघ्र मिलेगा भुगतान- कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान कल्याण योजना के अंतर्गत हटा–पथरिया क्षेत्र के जिन किसानों का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है, उनमें से सभी पात्र किसानों की संपूर्ण जानकारी शासन को भेज दी गई है। उन्होंने कहा 5 फरवरी की रात तक सभी पात्र किसानों के खातों में भुगतान कर दिया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि यदि 5 फरवरी के बाद भी किसी पात्र किसान का भुगतान शेष रह जाता है, तो ऐसे किसान 6 फरवरी से "दमोह हेल्पलाइन" पर संदेश भेजकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त प्रकरणों की प्रकरण-दर-प्रकरण जाँच की जाएगी और पात्रता अथवा अपात्रता की स्थिति से संबंधित जानकारी किसानों को दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का प्रयास है 5 फरवरी की रात तक सभी पात्र किसानों का भुगतान सुनिश्चित हो जाए तथा इसके बाद शेष मामलों में भी जाँच उपरांत पात्र किसानों को निश्चित रूप से योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।

# ई-विकास पोर्टल से खाद वितरण की प्रक्रिया अत्यंत व्यवस्थित, पारदर्शी और सुचारू होगी - कलेक्टर

**सहकारी समितियों से लेकर डबल लॉक तक सभी व्यवस्थाएं होंगी इंटीग्रेट**
**मार्च से शुरू होगा राज्य शासन का नया ई-विकास पोर्टल**
**गेहूं उपार्जन पंजीयन 7 फरवरी से होंगे प्रारंभ**
**पी.जी. कॉलेज में ई-विकास प्रणाली पर कार्यशाला संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि राज्य शासन द्वारा ई-विकास नामक एक नया डिजिटल पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से आगामी समय में खाद का वितरण किया जाएगा। दिसंबर माह में लागू की गई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाते हुए यह नई प्रणाली लाई जा रही है, जिसके मार्च से प्रारंभ होने की संभावना है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि ई-विकास पोर्टल के माध्यम से सहकारी समितियां, डबल लॉक प्रणाली एवं अन्य सभी संबंधित व्यवस्थाएं आपस में इंटीग्रेट की जा रही हैं। इससे खाद वितरण की प्रक्रिया अत्यंत व्यवस्थित, पारदर्शी और सुचारू होगी तथा किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होने बताया ई-विकास पद्धति के सफल क्रियान्वयन हेतु आज पी.जी. कॉलेज दमोह में एक वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी किसान संगठन, जनप्रतिनिधिगण, कृषि विभाग के अधिकारी, मार्केटिंग फेडरेशन सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला में नई ई-विकास प्रणाली का पूरा प्रशिक्षण दिया गया, विस्तृत जानकारी साझा की गई तथा इसके बेहतर क्रियान्वयन हेतु सभी हितधारकों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए। कलेक्टर श्री कोचर ने विश्वास जताया कि ई-विकास प्रणाली खाद वितरण व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी और इससे किसानों को लंबे समय से चली आ रही परेशानियों से पूरी तरह निजात मिलेगी। जिला स्तर पर अगले महीने से इसे प्रभावी रूप से लागू करने की तैयारी की जा रही है। उन्होने बताया कि गेहूं उपार्जन का समय आ गया है और 7 फरवरी से गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन प्रारंभ किए जा रहे हैं। इस बार परंपरागत पंजीयन केंद्रों के साथ-साथ सभी नागरिक सुविधा केंद्र,एमपी ऑनलाइन कियोस्क को भी सक्रिय किया जा रहा है।

## किसान नजदीकी केंद्र से ही कराएं पंजीयन

कलेक्टर श्री कोचर ने सभी किसानों से आग्रह करते हुए कहा कि उन्हें किसी बड़े या दूरस्थ केंद्र पर जाने की आवश्यकता नहीं है। किसान अपने नजदीकी एमपी ऑनलाइन कियोस्क या नागरिक सुविधा केंद्र पर जाकर आसानी से पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी किसान को पंजीयन से मना नहीं किया जाएगा और प्रशासन की प्राथमिकता है कि किसानों को उनके घर के सबसे नजदीक पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें किसी भी स्थिति में परेशान न होना पड़े।

# एस आई आर में बदले की भावना से समुदाय विशेष के काटे जा रहे नाम - मानक पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने केंद्र और प्रदेश की सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुये एक स्थानीय होटल में पत्रकार वार्ता में कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित एसआईआर कार्य में मतदाता सूची में जिस प्रकार कार्य चल रहा है, उसमें नियमों को ताक पर रखा जा रहा है। हालात यह है कि प्रशासन द्वारा भाजपा के नेताओं के इशारे पर बदले की भावना से नाम कांटे जा रहे हैं। वर्तमान में दमोह जिले के ऐसे अनेक मतदान केंद्र हैं जहां पर मतदाताओं के नाम नियमों के विरुद्ध उचित कारण के बिना ही काटे जा रहे हैं, जो व्यक्तिगत और राजनीतिक बदले की भावना को दर्शाती है। हालात यह है कि मतदाताओं द्वारा अपने प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है और भाजपा द्वारा प्रारूप 7 में हजारों फर्जी आपत्तयि दर्ज कराई गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने बताय कि दमोह विधानसभा में 2891, हटा में 1308, जबेरा में 1301 और पथरिया में 1501 आपत्तिया दर्ज की गई है, आपत्तिकर्ताओं पर दूरभाष पर चर्चा कही गई तो आपत्तिकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि उन्होने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई है जबकि अनेक आपत्तिकर्ता जिले या प्रदेश के बाहर के है । यह पूरी प्रक्रिया भाजपा प्रायोजित साजिश है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार सभी मोर्चे पर विफल नजर आ रही है, और ऐसा कोई भी कार्य नहीं है जिसके आधार पर सरकार जनहितैषी नजर आए। आम जनमानस परेशान है, महंगाई चरम पर है, रोजगार के मामले में किसी भी प्रकार की कोई कार्य योजना नजर नहीं आ रही है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में भी आम जनमानस को कोई राहत प्रदान नहीं दी गई। इसके अलावा जिले में अपराधिक गतिविधियां चरम पर हैं किसी भी अपराध के मामले में पुलिस का किसी भी प्रकार का कोई अंकुश नहीं है। पुलिस प्रशासन भी सत्ता के दबाव में है और पुलिस अधीक्षक मैदानी स्तर पर कहीं पर भी नजर नहीं आते हैं। कार्यालय में आम जनमानस या जनप्रतिनिधियों के मिलने जाने पर भी वह हमेशा ही कार्यालय से नदारत रहते हैं। भावांतर में भी फर्जीवाड़ा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी बताया कि किसानों के भावांतर का भुगतान भी नहीं किया गया है। वहीं काफी समय से उड़द की राशि का भी भुगतान लंबित है। सीता नगर परियोजना में 33 गांव के नाम को अलग कर दिया गया था। उन्होंने मांग की कि शासन को तत्काल ही इस मामले में गंभीरता के साथ कार्यवाही करते हुए इन गांवों को इस परियोजना से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य की गतिविधियां भी काफी लचर नजर आ रही हैं।, रात्रि में किसी भी घटनाक्रम के घटित होने पर जिला मुख्यालय की जिला अस्पताल में भी किसी भी प्रकार की कोई सुविधा मरीजों को नहीं मिलती हैं और ग्रामीण क्षेत्र की हालत तो और भी दयनीय है। श्री पटेल ने कहा कि वार्डो के परिसीमन में शासन द्वारा निर्धारित कमेटी का कहीं पर भी उल्लेख या बैठक आयोजित ना करते हुए नगर पालिका अधिकारी और शहरी विकास अभिकरण के अधिकारी ने मिलकर मनमाने तरीके से वार्डो का परिसीमन कर दिया जो कि नियमों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना को जिस प्रकार से नाम बदलते हुए पूरी कार्य योजना बनाई है वह भी पूर्ण रूपेण पर विफल है। राज्य सरकार पहले से ही 10: की राशि नहीं दे पा रही थी अब 40: की राशि का बोझ कैसे उठा पाएंगे। इस कारण से यह योजना मनमाने तरीके से बंद किए जाने का रास्ता अपनाया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि कांग्रेस संगठन द्वारा समय-समय पर आम जनता की समस्याओं एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध किया जाता है और आम जनमानस की लड़ाई के लिए कांग्रेस परिवार हमेशा ही तत्पर रहेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि मताधिकार छीनने और जनहित योजनाओं से जनता को वंचित करने की भाजपा की हर साजिश का कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक डटकर विरोध करेगी। लोकतंत्र और जनता की लड़ाई कांग्रेस पूरी ताकत से लड़ेगी।

इस अवसर पर दमोह कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व विधायक प्रताप सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, राव बृजेन्द्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, प्रदीप खटीक, लाल चंद राय, प्रदीप पटेल, परम यादव, तिलक सिंह, प्रफुल्ल श्रीवास्तव , नितिन मिश्रा, पप्पू कसौटिया, हेमराज पार्षद, रफीक खान, जीशान पठान, डालचंद कुशवाहा, श्रीकान्त पटेल, नीलेश यादव, एवं समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भ्रामक जानकारी संबंधी वीडियो वायरल पूर्णतः अनुचित-निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी

**दमोह।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा दमोह ने बताया प्रशासन द्वारा की गई जांच से यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया है, कि किसी भी मतदाता का नाम नहीं काटा गया है और न ही मृत बताकर नाम हटाने की कोई कार्रवाई की गई है। वर्तमान में सभी आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया गतिशील है। मीडिया में भ्रामक जानकारी संबंधी वीडियो वायरल है, जो पूर्णतः गलत एवं अनुचित है। जांच प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में वायरल हो रहे एक वीडियो के संबंध में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि वायरल वीडियो पूर्णतः गलत व अनुचित हैं। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-55 दमोह ने अपने प्रतिवेदन में कहा है कथित रूप से गलत तरीके से नाम काटने एवं मृत बताकर 37 मतदाताओं के नाम हटाने संबंधी वीडियो इलेक्ट्रानिक मीडिया से प्राप्त हुआ था। मामले की जांच कर संबंधित बीएलओ से जानकारी ली गई और जांच में पाया गया कि आपत्तिकर्ता हेमंत ने मतदान केंद्र क्रमांक 101 के 36 फॉर्म-7 निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत किए थे, जिन्हें जांच हेतु संबंधित बीएलओ को भेजा गया। बीएलओ द्वारा 29 जनवरी 2026 को किए गए निरीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित मतदाता चेनपुरा बजरिया, वार्ड क्रमांक 05 में निवासरत हैं। बीएलओ की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि सभी संबंधित मतदाता मौके पर उपस्थित पाए गए, उन्होंने हस्ताक्षर भी किए और यह स्पष्ट किया कि उनका नाम काटा जाना संभव नहीं है। बीएलओ द्वारा सभी 36 फॉर्म-7 पर स्पष्ट टीप अंकित की गई कि नाम काटने का कोई आधार नहीं बनता।

## उर्वरक वितरण ई- विकास पोर्टल एवं नरवाई प्रबंधन पर कार्यशाला संपन्न

**दमोह।** उर्वरक वितरण हेतु विकास प्रणाली एवं नरवाई प्रबंधन पर जिला स्तरीय कार्यशाला स्थानीय पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि गौरव पटेल, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल, भारतीय किसान संघ के संभागीय मंत्री हेमंत पटेल की मौजूदगी में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि गौरव पटेल ने कहा मध्य प्रदेश शासन की यह अभिनव पहल है इससे निश्चित ही किसानों को समय पर निर्धारित मात्रा में बिचौलियों से मुक्त एवं कालाबाजारी से मुक्त खाद प्राप्त होगी तथा उपस्थित सभी लोगों को नरवाई प्रबंधन पर संकल्पित होकर के कार्य करना चाहिए ताकि दमोह जिले का नाम प्रदेश में ही नहीं देश में अग्रसर हो सके । भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल ने कहा मध्य प्रदेश शासन की डिजिटल क्रांति की यूरिया वितरण की ई- टोकन व्यवस्था किसानों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी ।

# चलती बाइक पर बंदर कूदने से चार घायल, दो जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सर्वाकुही से ग्राम जमुनिया जा रहे एक परिवार के चार सदस्य सड़क दुर्घटना में घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र लाया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश गौंड पिता राजकुमार, रोहित गौंड पिता मुकेश (उम्र 6 वर्ष), मुस्कान पिता मुकेश (उम्र 7 वर्ष) एवं रवि गौंड पिता गुड्डा गौंड निवासी ग्राम सर्वाकुही हादसे में घायल लोग शादी के लिए लड़की देखने ग्राम जमुनिया जा रहे थे लेकिन रास्ते में अचानक एक बंदर चलती बाइक पर कूद गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार चारों लोग घायल हो गए। घायलों को ऑटो की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर बलराम यादव द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक जांच में रोहित गौंड को सिर में तथा रवि गौंड को हाथ में गंभीर चोट पाई गई, जिसके चलते दोनों को बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया। शेष दो घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। डॉक्टर बलराम यादव ने बताया कि सभी घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचे थे, जिनका तत्काल उपचार किया गया तथा गंभीर रूप से घायल दो व्यक्तियों को उच्च उपचार केंद्र भेजा गया है।

# स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलटा आधा दर्जन बच्चे घायल, दो जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह ग्राम रामादेही के पास सांदीपनी स्कूल के बच्चों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में पांच छात्र घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। दो छात्रों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जबलपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, ये सभी छात्र तेंदूखेड़ा के शासकीय सांदीपनी स्कूल के थे और रामादेही गांव से स्कूल आ रहे थे। गांव से बाहर निकलते ही ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार पांच छात्र घायल हो गए विद्यार्थियों ने बताया कि वे जिस ऑटो से प्रतिदिन आते थे, उसकी बैटरी खराब थी, इसलिए वे दूसरे ऑटो से आ रहे थे। गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर एक अंधा मोड़ पर तेज रफ्तार के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया घायल छात्रों में रोहित पाल (14), दीक्षा पाल (12), मोनिका पाल (12), दुर्गेश पाल (10) और साक्षी पाल (13) शामिल हैं। पीछे से आ रहे एक अन्य ऑटो की मदद से घायल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। छात्र रोहित पाल (कक्षा नौवीं) और दीक्षा पाल (कक्षा सातवीं) को गंभीर चोटें आने के कारण जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे के बाद ऑटो चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नोहलेश्वर महोत्सव का शुभारंभ आज से, नगर में निकलेगी सांस्कृतिक चेतना यात्रा



**दमोह।** जिले के ऐतिहासिक नोहलेश्वर मंदिर परिसर, नोहटा में संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन एवं महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में 5 से 15 फरवरी तक आयोजित "नोहलेश्वर महोत्सव नोहटा 2026" के भव्य शुभारंभ को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजन स्थल पर मंच, पंडाल, प्रकाश, ध्वनि, सुरक्षा, यातायात एवं दर्शकों की सुविधाओं की व्यवस्थाएं अंतिम रूप ले चुकी हैं। महोत्सव का शुभारंभ 5 फरवरी को नोहटा नगर में विशाल चेतना यात्रा के साथ होगा। इस यात्रा में 70 से अधिक टोलियों द्वारा पारंपरिक सामूहिक बुंदेली लोकनृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। ढोल-नगाड़ों और लोकधुनों के साथ यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महोत्सव स्थल तक पहुंचेगी, जो पूरे क्षेत्र को सांस्कृतिक रंगों से भर देगी। इस दस दिवसीय महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भक्ति गायन, बुंदेली लोकगीत (राई), कथक नृत्य, कवि सम्मेलन एवं स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। साथ ही विशाल मेले में आकर्षक दुकानें, फास्ट फूड स्टॉल, विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, बुंदेली व्यंजन एवं गांव की पारंपरिक रसोई लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह लोधी ने कहा कि नोहलेश्वर महोत्सव हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। आयोजन समिति की क्षेत्रवासियों से अपील है कि वे इस ऐतिहासिक और आनंदमय आयोजन में सहभागिता कर अपनी गरिमामयी उपस्थिति से महोत्सव की शोभा बढ़ाएं।

# सोनम प्रजापति का विज्ञान मेला में प्रदेश के लिए चयन



**पथरिया।** विज्ञान मेंला में सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास वार्ड नंबर 14 निवासरत कुमारी सोनल प्रजापति 8 वी अध्ययनरत शासकीय कन्या रानी दुर्गावती माध्यमिक विद्यालय पथरिया का विज्ञान मेला में प्रदेश के लिए चयन हुआ है जिस पर विघालय के अवधेश बड़गैया, यशोदा अहिरवार, सामाजिक विज्ञान विषय शिक्षक व वार्डन उषा करकरे, अजय साहू आदि ने हर्ष व्यक्त किया,सोनल प्रजापति ने संभाग में ₹प्रथम स्थान ₹प्राप्त किया इसके पहले दमोह जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस अवसर पर छात्रावास स्टाफ पथरिया की ओर बधाईयां दी गई।

# अवैध निर्माण रोकने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



नगर में इस समय शासकीय भूमि व भवनों पर बलात कब्जा व अवैध निर्माण करने की होड़ मची हुई है। ग्राम के असामाजिक व दबंग लोगों के द्वारा सार्वजनिक स्थल या अन्य कहीं पर भी खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि दिखती है तो उस पर तत्काल ही बलात कब्जा कर लिया जाता है ऐसा ही एक मामला जबेरा नगर के हृदय स्थल शासकीय रेस्ट हाउस की रिक्त पड़ी हुई शासकीय भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण का प्रकाश में आया है। ग्राम के जागरूक एवं समाजसेवी राजेश दुबे के द्वारा दिनांक 3 फरवरी 2026 मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर महोदय को एक आवेदन दिया गया है जिसमें वर्णित किया गया है कि मौजा बम्होरी सिंगोरगढ़ पटवारी हल्का नंबर 50/10 खसरा नंबर128 जिस पर जबेरा का शासकीय रेस्ट हाउस बना हुआ है इस रेस्ट हाउस की रिक्त भूमि पर कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा ग्राम के दबंग लोगों को साथ में लेकर के अनधिकृत कब्जा करने के उद्देश्य से अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा है जो कि विधि विरुद्ध है ।उक्त निर्माण कार्य को जनहित में रोकना अति आवश्यक है। राजेश दुबे ने कलेक्टर महोदय को दिए गए अपने आवेदन में वर्णित किया है कि इसी तरह रेस्ट हाउस की जमीन से लगे हुए खसरा नंबर 126 की भूमि पर निर्मित अवैध कॉलोनी का प्रकरण माननीय आयुक्त महोदय के समक्ष लंबित है साथ ही न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय जबरा के द्वारा भी उक्त भूमि पर स्थगन आदेश जारी है। स्थगन आदेश जारी होने के बाद भी उक्त भूमि पर भी धड़ल्ले से निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त जन हितेषी मांगों के समर्थन में समाजसेवी राजेश दुबे के द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से कलेक्टर महोदय को आवेदन देकर के माननीय महोदय से मांग की गई है कि जनहित में उक्त अवैध निर्माण कार्य पर तत्काल ही रोक लगाई जावे ,साथ ही उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जावे।

# नया पुल चालू करने के लिए पंचायत मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**गैसाबाद।** विगत 7 माह से लगातार बंद पड़े गैसाबाद पुल से आवागमन पूर्णता बंद होने के कारण नये बने पुल को चालू कराए जाने बाबत पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर दहिया ने एक डेलिगेशन के साथ प्रदेश के पंचायत मंत्री पहलाद पटेल के भोपाल आवास पर पहुंच कर मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि गैसाबाद का पुल पिछले 7 महीना से लगातार बंद है जिससे लोगों को आने जाने में भारी सुविधा हो रही है। पुराने पुल की बगल से नया पुल बनकर तैयार है जिसे चालू नहीं किया जा रहा है। अतः मंत्री महोदय से निवेदन है कि नये पुल को शीघ्र चालू कराया जाए ताकि लोगों को आने-जाने में सुविधा प्राप्त हो सके, ज्ञापन देने वालों में पूर्व सांसद प्रतिनिधि रणधीर दहिया पूर्व जिला महामंत्री गोपाल पटेल ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल आदि की उपस्थिति रही।

# वृद्धा पेंशन एवं कुटीर न मिलने से बुजुर्ग महिला हो रही परेशान



**झलौन।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम झलोन की निवासी वृद्ध महिला श्रीमती सतिया अहिरवार, पति स्वर्गीय श्री अदई अहिरवार, को शासन की वृद्धा पेंशन एवं आवास (कुटी) योजना का लाभ अब तक नहीं मिल पाया है। पीड़िता का कहना है कि उनकी वृद्धा पेंशन पिछले कई महीनों से बंद है, जिससे उनका जीवन-यापन अत्यंत कठिन हो गया है। श्रीमती अहिरवार ने बताया कि वे कई बार ग्राम पंचायत एवं संबंधित शासकीय कार्यालयों में संपर्क कर चुकी हैं, लेकिन आज तक उनकी पेंशन पुनः प्रारंभ नहीं की गई। वर्तमान में उनकी आय का कोई अन्य साधन नहीं है और वे पूरी तरह शासन की सहायता पर निर्भर हैं। वृद्धावस्था में पेंशन बंद होने से उन्हें भोजन, दवा एवं अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें शासन की आवास (कुटी) योजना का लाभ भी अब तक नहीं मिला है, जबकि उन्होंने इसके लिए आवेदन पूर्व में ही कर दिया था। कच्चे व असुरक्षित मकान में रहने को मजबूर होने के कारण उन्हें बरसात एवं सर्दी के मौसम में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पीड़िता की समग्र आईडी के अनुसार परिवार आईडी क्रमांक 42434485 एवं सदस्य आईडी 190579440 है। उनका आधार क्रमांक 9502 2166 5762 है। सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिलना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। श्रीमती सतिया अहिरवार ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उनकी वृद्धा पेंशन शीघ्र प्रारंभ कराई जाए तथा आवास (कुटी) योजना का लाभ जल्द से जल्द प्रदान किया जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें।


## कार्यालय नगर परिषद पटेरा जिला - दमोह (म. प्र. )

क्रमांक / न.पा./ राजस्व / 2026 / 239 — पटेरा दिनांक 03.02.2026

**/ / दुकानों आबंटन हेतु चतुर्थ ई- ऑफर सूचना //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर परिषद पटेरा द्वारा नीचे लिखे अनुसार दुकानों का यह आवंटन म.प्र. नगरपालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 एवं नगर परिषद पटेरा की आबंटन शर्तें किरायेदारी के आधार पर किया जाना है। जिस हेतु ऑनलाइन ऑफर दिनांक 19.02.2026 को सायं 5 :30 बजे तक आमंत्रित किये जाते है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर आई. डी. क्रं. | काम्प्लेक्स का नाम | आरक्षित वर्ग | दुकान की साईज (मीटर में) | दुकान क्रमांक | न्यूनतम ऑफर राशि | निविदा अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_UAD_480013_1 | संकट मोचन के सामने कॉजी हाउस पटेरा शॉपिंग कॉम्पलेक्स | अनारक्षित | 3.00 X 3.20 | 09 | 586474/- | 58648/- | 2000/- |

1. टेण्डर डाक्यूमेंट दिनांक 04.02.2026 को समय प्रातः 10 :30 से दिनांक 19.02.2026 को समय शाम 05 :30 तक सिर्फ ऑनलाइन बेवसाइट https://mptenders.gov.in द्वारा Directorate Urban Administration and Development के अंतर्गत क्रय किये जा सकते है। ऑनलाइन मेन्डेटरी दस्तावेज दिनांक 21.02.2026 को प्रातः 11 :00 बजे से खोले जावेगे । 2. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सिर्फ ऑनलाइन बेवसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नही । 3. उपरोक्त कॉलम में दर्षित न्यूनतम ऑफर राषि एवं निविदा अमानत राषि पृथक-पृथक दुकान वार रहेगी। 4. ऑफर स्वीकृति / अस्वीकृत का अधिकार परिषद के पास सुरक्षित रहेगा। जिस पर कोई बाददायर नहीं किया जा सकेगा। 5. अन्य जानकारी नगर पालिका कार्यालय के राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पटेरा, जिला - दमोह म.प्र.